अमर उजाला 06/01/2026

जीएमएन कॉलेज में एआई कोर्स शुरु

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स की शुरुआत की गई। यह कोर्स 5 जनवरी से आरंभ हुआ है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को इंडस्ट्री-आधारित एआई स्किल्स से लैस करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को लाइव प्रोजेक्ट्स पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा और उनकी प्रैक्टिकल क्षमता में वृद्धि होगी। कोर्स के प्रथम दिन एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को कोर्स की संरचना, उद्देश्य और सीखने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। मौके पर सचिन मिश्रा मौजूद रहे। संवाद